
## खबर संक्षेप



### जुआ खेलते 6 गिरफ्तार, 1560 रूपए किये जब्त

**कटनी।** कोतवाली थाना की बस स्टैण्ड चौकी पुलिस ने दो स्थानों में जुआ खेलने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। जानकारी के अनुसार होलिका पर्व के दौरान पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम खरखरी एवं कैलवारा में जुआ खेलने की शिकायत प्राप्त होने पर पेट्रोलिंग टीम के कार्यवाही की। केलवारा रोड जगत यादव के प्लांट के सामने में अवैध रूप से ताश के पत्तों से हार जीत का दाव लगाते राजेश चौधरी, शिव चौधरी, तीरथ चौधरी सभी निवासी ग्राम खरखरी को पकड़ा गया। जुआरियों के पास से 350 रुपए जप्त किए गए। इसी तरह ग्राम खरखरी रोड के किनारे ताश के पत्तों से हार जीत का अवैध रूप से दांव लगाते शुभ जयसवाल निवासी शिवाजी नगर, गोलू साहू निवासी कलवारा फाटक एवं अशोक दीवान निवासी केलवारा खुर्द को पकड़ा गया। युवकों के पास से 1210 रुपए जप्त किए गए हैं। कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक योगेश मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक बाल गोविंद प्रजापति, आरक्षक अनमोल सिंह, मनु त्रिपाठी का योगदान रहा।

### जिले के पर्यटन स्थलो को बढावा देने हेतु बैठक आज

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले के प्रमुख स्मारकों एवं पर्यटन स्थलो को बढावा देने, पर्यटन की संभावनाएं तलाशने तथा पर्यटन से संबधित अन्य विषयो पर चर्चा हेतु 17 मार्च को दोपहर 3.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार मे बैठक आयोजित की गई है आयोजित बैठक मे पुलिस अधीक्षक, वन मंडलाधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आयुक्त नगर निगम, अधीक्षक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, उपसंचालक पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय पूर्वी क्षेत्र जबलपुर, डिप्टी कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी, बहोरीबंद एवं विजयराघवगढ़, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, आरईएस एवं जलसंसाधन विभाग, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र,अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सहित अध्यक्ष मानव जीवन विकास समिति ग्राम बिजौरी, संयोजक इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एण्ड कल्चरल हेरीटेज से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना का आग्रह किया गया है।

### रोजगार मेले का आयोजन 17 मार्च को

**कटनी।** राज्य शासन के निर्देशानुसार संभाग स्तर पर वृहद युवा संगम जॉब फेयर (रोजगार मेला) अप्रेंटिसशिप मेला, स्वामी विवेकानंद कैरियर अवसर मेला एवं स्वरोजगार मेला संयुक्त रूप से शासकीय महाकौशल महाविद्यालय जबलपुर में 17 मार्च 2025 को प्रातः 10:30 बजे से आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी कटनी डी.के.पासी ने बताया कि मेले में अनेक प्रकार की प्राइवेट कंपनियां उपस्थित रहेगी। इच्छुक अभ्यर्थी 17 मार्च 2025 को प्रातः 10:30 बजे अपने सभी अंक सूची, आधार कार्ड, निवासी एवं जाति प्रमाण पत्र , समग्र आई.डी, दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं रिज्यूम के साथ शासकीय महाकौशल महाविद्यालय जबलपुर में उपस्थित होकर सम्मिलित हो सकते है।

### चना, सरसों के पंजीयन की अंतिम तिथि आज

**कटनी।** भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत रबी वर्ष 2024-25 (विपणन वर्ष 2025-26) में ई-उपार्जन पोर्टल पर 20 फरवरी से 10 मार्च 2025 तक चना, मसूर एवं सरसों के पंजीयन की तिथि निर्धारित थी। कृषकों के हित के दृष्टिगत अब शासन द्वारा बढाकर 17 मार्च कर दिया गया है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया कि जो चना, मसूर एवं सरसों फसल के उपार्जन के पंजीयन कराना चाहते है। वे 17 मार्च 2025 तक फसल का पंजीयन करा सकते हैं।

## रंग गुलाल से सराबोर दिखाई दिये युवा और बच्चे, सुरक्षा को लेकर रहा पुलिस का पहरा

# रंगों के पर्व में बरसा रंग, उड़ा गुलाल, जमकर हुई मौज मस्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





रंग, उमंग और खुशियों का महापर्व होलिकोत्सव जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। होली के त्यौहार की मस्ती के आगे क्या बच्चे क्या बड़े सब होलियाना पर्व में दिखे। शहर से लेकर दूरस्थ गांव तक स्थानीय परंपरानुसार विविध आयोजनों के मध्य महापर्व होली धूमधाम से मनाया गया। होलिका दहन के साथ ही शुरू हुआ बुरा न मानो होली है का शोर भाई दूज की देर शाम जाकर थमा। इस बीच कही सामूहिक रूप से रंग, गुलाल से एक दूसरे को सराबोर कर होली मनाई गई तो कही पारंपरिक होली गीत गुंजायमान रहे। होली के अवसर पर लोगो ने स्नेहीजनों के घरों में भी पहुंचकर एक दूसरे पर रंग व टीका लगाकर होली की शुभकामनायें दी।

नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जगह जगह होलिका दहन किया गया। होलिका की प्रतिमाओं को कंडे, लकड़ियों के ढेर में रखकर दहन किया गया। विधि विधान के साथ पूजन कर होलिका का दहन कर एक दूसरे के माथे पर टीका लगाकर होली की शुभकामनाओ और गले मिलकर बधाई देने का जो सिलसिला प्रांरभ हुआ वह धुरेड़ी के दिन रंगोत्सव में तब्दील हो गया जबकि भाई दूज के दिन में ग्रामीण अंचलो में गोबर वाली होली के रूप में मनाई गई।

### युवाओं व बच्चों में दिखा उत्साह

होली पर्व को लेकर खासकर युवाओं व बच्चों में बहुत उत्साह देखा गया। बड़ो की होली में पहले जैसी रंगत नजर नही आई। बावजूद इसके महापर्व होली धूम निराली रही। परिजनों ने बच्चों के मनपंसद वाली पिचकारियां, रंग के साथ ही बाजार में उपलब्ध मनोरंजन की कई सामग्री खरीदी। बच्चे कही मुखौटो के साथ होली का लुत्फ उठाते रहे तो कही साधु संतो की वेशभूषा वाले जटा लगाकर भी हुल्लड़ करते रहे। बाजार में सजी होली की दुकानों में भीड़ रही। मिठाई की दुकानों में भी भीड़भाड़ रही। दो दिनी अवकाश के बाद रविवार को भी बाजार भी पूरा नहीं खुला। वाहनों की धमाचौकड़ी भी कम ही रही।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी धुरेड़ी से कहीं ज्यादा होली दूसरे दिन हुई। धुरेड़ी के दूसरे दिन ज्यादा होली खेली गई। सड़कों पर सन्नाटे के रंगों से सराबोर युवाओं की टोली भी निकली, हालांकि जान पहचान वालों को ही रंग गुलाल लगाया। विवादित स्थिति से बचने जबरन किसी पर रंग नहीं डाला गया। युवाओं में कहीं-कहीं विवाद की स्थिति भी निर्मित हुई।

### रंगों और उमंगों के उल्लास में बच्चों संग थिरके कलेक्टर

कलेक्टर निवास में शुक्रवार को बाल आसरा गृह और जिला दृष्टिबाधित विशेष विद्यालय एवं पुनर्वास केंद्र झिंझरी के बच्चों ने कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के संग जमकर होली का उत्सव मनाया। कलेक्टर श्री यादव के आमंत्रण पर कलेक्टर निवास पहुंचे बच्चों ने रंग-अबीर,गुलाल लगाकर होली खेली। कलेक्टर श्री यादव भी बच्चों के खुशियों के रंग में रंगकर, बच्चों की खुशी में सहभागी बनकर डीजे की ताल पर जमकर थिरके।

कलेक्टर निवास में शुक्रवार को पहुंचे ये वे सभी बच्चे थे,जिन्होंने अपने माता-पिता को खो दिया है।इस प्रकार आज की कलेक्टर संग मनाई होली बच्चों के लिए अविस्मरणीय और यादगार बन गई। बच्चों ने होली के जश्न के बीच यहां मिठाई, जलेबी, चाट, फुल्की जैसे लज़ीज़ व्यंजनों का जमकर लुत्फ उठाया। होली में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव इन बच्चों के मेजबान बने और अपने निवास में इन बाल मेहमानो की खूब आव-भगत की।

### बच्चों संग थिरके कलेक्टर

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के साथ यहां आये बच्चों ने आत्मीयता पूर्वक होली मनाई, रंग-गुलाल के साथ मस्ती की। बच्चों ने तरह तरह के खेल और डीजे में डांस का मजा लिया।बच्चों की जिद और बाल हठ के वशीभूत होकर बच्चों की खुशी में सहभागी बन कलेक्टर श्री यादव भी डी जे की धुन पर जमकर थिरके। बच्चे जब वापस लौटे तो उनके हाथों में गिफ्ट और चेहरों पर खुशी भरी मनमोहक मुस्कान नजर आई। इस होली मिलन में आये बच्चों को कलेक्टर श्री यादव ने अपनेपन और आत्मीयता का एहसास दिलाते हुये बच्चों के साथ होली की खुशियां बांटी। बच्चों ने कलेक्टर निवास में जमकर धमा-चौकड़ी मचाई।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की विशेष पहल पर शुक्रवार को कलेक्टर बंगले में बाल रंग होली मिलन का आयोजन किया गया था। यह आयोजन कोरोना काल में अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों एवं मातृ-पितृ विहीन बच्चों के साथ खुशियों को बांटने का अवसर था।

### चाक चौबंद रहे पुलिस के इंतजाम, वाहनों की चेकिंग

होली पर्व के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिले भर में पुलिस सख्त नजर आई। नगर भ्रमण कर हुल्लड़बाजों को समझाइश दी गई। नशा कर वाहन चलाने वालों की चेकिंग भी की गई। पुलिस की सक्रियता के चलते होली का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मना। हालांकि इस बार होली पर्व के दौरान कहीं कहीं अप्रिय घटना भी हुई। होली को लेकर पुलिस ने भी खास तैयारी की थी। होलिका दहन के दिन से लेकर धुरेड़ी और इसके दूसरे दिन तक शहर के चप्पे-चप्पे में पुलिस बल पूरे समय तैनात रहा। प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी गश्त करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।

## विराट कवि सम्मेलन में कवियों ने कविताओं से बांधा समां

# जब कपोल पर रँग दिया प्रिय ने प्रेम गुलाल, धड़कन-धड़कन का हुआ, हाल सखी बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन गर्ग चौराहे में किया गया। एक शाम शहीदों के नाम होली हास्य हंगामा नगर के ख्यातिलब्ध हास्य व्यंग्य कवि मनोहर मनोज के सानिध्य एवं अजय सरावगी के संयोजन में आयोजित किया गया। कटनी टेंट लाईट एसोसिएशन एवं मुक्तिधाम विकास समिति द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में देश के ख्यातिलब्ध कवियों ने देर रात तक समा बांधा। कार्यक्रम का संचालन कवि शशिकांत यादव ने किया। 15 मार्च को गर्ग चौराहे में सायं 7 बजे से हास्य व्यंग्य श्रृंगार रस के कवियों की महफिल सजी।

कविसम्मेलन में राव अजात शत्रु (उदयपुर)अखिलेश द्विवेदी (प्रयागराज)सुनील गाईड तराना हास्य श्रद्धा शौर्या (नागपुर) आशीष सोनी (गाडरवारा) प्रियंका मिश्रा (विजयराघवगढ) हीरामणि वैष्णव (कोरबा) विकास बैरागी (नरसिंहपुर)नगर के साहित्यकार सतीश आनंद प्रियंका मिश्रा ने शानदार काव्यपाठ किया।होली पर आयोजित कविसम्मेलन में साहित्यप्रेमियों की बडी संख्या में उपस्थिति रही।

विकास बैरागी ने कहा कलयुगी द्रोपदी ने कृष्ण को पुकारा प्रभु, देखो ये दुशासन मुझे साड़ी पहनाता है, रोते रोते कॉलेज में बोल उठे द्रोणाचार्य, एकलव्य मेरा ही अंगूठा काट जाता है। राव अजातशत्रु ने अपनी पंक्तियों में कहा कि ऐसे रंग डालो कि तन-मन तिरंगा हो जाए, ऐसी भंग पीसो कि जन-गण तिरंगा हो जाए, मिले मौका तो मैं भी खेलूँ खून की होली, पाऊँ शहादत और कफ़न तिरंगा हो जाए।

आशीष सोनी गाडरवारा ने कहा कि जब कपोल पर रँग दिया, प्रिय ने प्रेम गुलाल, धड़कन-धड़कन का हुआ, हाल सखी बेहाल।

प्रियंका मिश्रा ने सुनाया रात दिन जो भाग-भाग कर खूब सजाई शाम, ऐसे आयोजकों को मेरा बारंबार प्रणाम।

## मूल्यांकन कर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण



माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2025 की परीक्षा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन रविवार 16 मार्च से मूल्यांकन केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर कटनी में किया जाना है। प्रथम चरण में हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 की विषय के मूल्यांकन हेतु रविवार 16 मार्च को संस्कृत एवं अंग्रेजी विषय के मूल्यांकन कर्ताओं का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह, एडीपीसी अभय जैन सहित राज्य स्तरीय मास्ट्रर ट्रेनर आलोक पाठक, एन.पी. गुप्ता एवं संध्या बेन सहित मूल्यांकन अधिकारी सहित प्राचार्य एम किंडों की मौजूदगी रही।

# पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों ने मनाई होली, डीजे की धुन में झूमे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



होली पर्व के दौरान कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मियों ने रविवार को पुलिस लाइन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस कप्तान अभिजीत कुमार रंजन की अध्यक्षता में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। डीजे की धुन पर सभी ने जमकर नृत्य किया। आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति में गायकों ने फिल्मी गीतों से माहौल को रंगीन बना दिया। पुलिसकर्मियों ने 'रंग बरसे भीगे चुनर वाली', 'खईके पान बनारस वाला' जैसे लोकप्रिय गीतों पर डांस किया।

होली के दिन पुलिसकर्मी शांति व्यवस्था की ड्यूटी के कारण त्योहार नहीं मना पाते हैं। इसलिए होली के बाद यह विशेष आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक के साथ थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी और पुलिस थाने का पूरा स्टाफ उपस्थित था। सभी पुलिसकर्मी एक-दूसरे के साथ होली खेलते हुए प्रसन्न दिखे।

होली के दौरान पुलिस टीमें शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात रही थीं।

## खितौली चौकी अंतर्गत ग्राम हदरहटा गांव में हुई घटना

# सौतेली मां का ऐसा चढ़ा पारा कि 7 साल की बच्ची का घोंट दिया गला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बरही थाना खितौली पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम हदरहटा के उटिन टोला में सौतेली मां ने 7 वर्ष की बच्ची का रस्सी से गला घोंट दिया जिससे उसकी मौत हो गई। बच्ची के पिता ने अपनी दूसरी पर आरोप लगाते हुए कहा कि गले में रस्सी कसकर उसकी हत्या की।

### पति के आने पर पता चला

जानकारी के अनुसार पति रोज की तरह सुबह खेत चला गया। बच्ची अपने सौतेली मां के के साथ घर पर थी। बालिका अपनी सौतेली मां के बेटे को गोद में लिए खेला रही थी अचानक छोटा बच्चा गोद से नीचे गिर गया जोर-जोर से रोने लगा। यह सुनकर बच्चे की मां दौड़ी और गुस्से में आकर बच्ची की हत्या रस्सी को गले में कसकर कर दी और रस्सी को जलाकर बाड़ी के घुरबा में छुपा दी। जब पति दोपहर को घर वापस आया बच्ची को पत्नी से पूछा कहां है बोली मैं नहीं जानती जब इधर-उधर ढूंढ़ा तो बच्ची घर के अंदर एक कोने में खाट पर लेटी दिखाई दी। पास जाकर जब देखा तो पिता के होश उड़ गए गले में रस्सी के निशान मृत अवस्था में पड़ी थी शोर-शराबा किया रोने लगा। घटना की सूचना खितौली चौकी पुलिस को दी गई।

### महिला ने कबूला गुनाह

बरही थाना प्रभारी व खितौली प्रभारी अपने बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और जांच पड़ताल की। सौतेली मां नंदनी कुशवाहा से पूछताछ करने पर उसने हत्या कारित करना स्वीकार किया और रस्सी बरामद की गई। महिला पुलिस ने आरोपी सौतेली मां को गिरफ्तार कर थाना ले गई। बरही थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव ने बताया की हत्या के तहत मर्ग कायम कर लिया गया है । बच्ची का पोस्टमार्टम उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा ।

## अत्याधिक पेस्टीसाइडस व पानी के उपयोग के दुष्प्रभाव को रोकने सलाह

# अधिक मात्रा में कीटनाशक के उपयोग से कम होती है उर्वरता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

किसानों को वरिष्ठ वैज्ञानिकों एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र और कृषि विभाग ने जिले के किसानों को ग्रीष्मकालीन मौसम में सब्जी वर्गीय, गिल्की, खरबूज व लोबिया की फसल लगाने की सलाह दी है। तिलहन फसल की आवश्यकता को देखते हुए किसान गर्मी में तिल की फसल ले सकते हैं। साथ ही गर्मी में नई हरी खाद के रूप में व बीज उत्पादन के लिए एक विकल्प के रूप में अपना सकते हैं। किसान इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए स्थानीय बाजार की उपलब्धता उत्पाद की बिक्री, मृदा स्वास्थ्य व वातावरण का विशेष ध्यान रखकर फसलों का चुनाव किया जाये। किसान समय- समय पर कृषि वैज्ञानिकों से परामर्श ले सकते हैं। इसके अलावा किसान सारथी पोर्टल व वाट्सएप ग्रुप में अपनी समस्याये भेज सकते हैं, जिसका निराकरण किया जा सके।

यह देखा जा रहा है कि खेतों में किसानों द्वारा ग्रीष्मकालीन मूंग की खड़ी फसल में 5-6 बार कीटनाशक का छिड़काव करते हैं। अनुशंसित मात्रा से अत्याधिक मात्रा में कीटनाशक का बार- बार छिड़काव के साथ ही खड़ी फसल खेत में पकने के उपरांत हरी फसल को सुखाने के लिए प्रतिबंधित नींदानाशक पैराक्वाड का उपयोग करते हैं, जिसका दुष्परिणाम वातावरण के साथ ही उत्पादित मूंग का सेवन करने वाले लोगों पर विपरीत प्रभाव भी होता है। इससे विभिन्न प्रकार की खतरनाक बीमारियां बढ़ रही है, जिसमें कैंसर भी शामिल है। साथ ही ग्रीष्मकालीन मूंग में अत्याधिक सिंचाई करनी पड़ती है। इससे पानी की खपत ज्यादा होने से भूमिगत जलस्तर नीचे गिरता जा रहा है। आने वाले समय में जल की कमी से भी जिले में समस्या उत्पन्न हो है।

पूर्व में किसानों द्वारा रबी फसल कटाई उपरान्त खेत खाली रखते थे, जिससे खेत में गर्मी के समय पड़ी दरारों से वर्षा का पानी इन दरारों के माध्यम से नीचे चला जाता था। इसके परिणाम स्वरुप भूमिगत जलस्तर बना रहता था। बार- बार फसल लेने से खेत की मिट्टी में मौजूद विभिन्न प्रकार के पौध पोषक तत्वों की मात्रा में कमी आ रही है। मिट्टी में नाइट्रोजन व पोटाश के साथ ही सल्फर व जिंक की कमी भी मृदा विश्लेषण उपरांत प्राप्त हुआ है। अतएव ग्रीष्मकालीन मूंग का क्षेत्रफल कम करना ही मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए उचित होगा। इसके लिए कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा निम्नवत अन्य फसलों के उत्पादन के लिए सुझाव दिये जा रहे हैं। कृषि वैज्ञानिकों द्वारा ग्रीष्मकालीन मौसम में मूंग की फसल में अत्यधिक कीटनाशक दवाओं के उपयोग से धरती, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर कई हानिकारक प्रभाव डालता है।

कीटनाशक मिट्टी में मौजूद लाभकारी सूक्ष्मजीवों को मार देते हैं, जिससे मिट्टी की उर्वरता कम हो जाती है।जल प्रदूषण कीटनाशक मिट्टी में रिसकर भूजल को प्रदूषित करते हैं, जिससे पीने के पानी की गुणवत्ता प्रभावित होती है।मिट्टी का अम्लीकरणरू कुछ कीटनाशक मिट्टी के पीएच स्तर को बदल देते हैं, जिससे मिट्टी अम्लीय हो जाती है और फसलों के लिए अनुपयुक्त हो जाती है।जैव विविधता में कमीरू कीटनाशक हानिकारक कीटों के साथ-साथ लाभकारी कीड़ों और अन्य जीवों को भी मार देते हैं, जिससे जैव विविधता में कमी आती है। वायु प्रदूषणरू कीटनाशकों का छिड़काव वायु प्रदूषण का कारण बनता है, जिससे सांस की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।पारिस्थितिक तंत्र में असंतुलनरू कीटनाशक खाद्य श्रृंखला को बाधित करते हैं, जिससे पारिस्थितिक तंत्र में असंतुलन पैदा होता है। कैंसर कुछ कीटनाशकों को कैंसर का कारण माना जाता है।तंत्रिका तंत्र पर प्रभावरू कीटनाशक तंत्रिका तंत्र को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिससे सिरदर्द, चक्कर आना और याददाश्त में कमी जैसी समस्याएं हो सकती हैं।प्रजनन संबंधी समस्याएंरू कुछ कीटनाशक प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकते हैं। त्वचा और आंखों में जलनरू कीटनाशकों के संपर्क में आने से त्वचा और आंखों में जलन हो सकती है।

# हर्षोल्लास से मना होली पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा और सिलौड़ी क्षेत्र में जगह-जगह युवाओं ने परंपरागत तरीके से होलिका दहन किया। तय मुहूर्त पर विधि विधान से पूजन कर होलिका जलाई। लोगों ने होली के फेरे लिए।युवाओं में होलिका दहन को लेकर उत्साह देखा गया। होलिका दहन से पहले विधि-विधान से पूजन किया गया और फिर होलिका दहन किया गया। बुराई पर अच्छाई की जीत की खुशी में लोगों ने जौ बाग गेहूं की बाली को अग्नि में भूना। इस दौरान लोगों ने होलिका माता के जयकारे लगाए।सुबह होते ही लोगों ने होलिका स्थल पर पहुँचकर होली की आग सेकी और होलिका की आग को घर लेकर आये।

### नहीं हुई अप्रिय घटनाएं

इस मौके पर उमरियापान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी,ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान, सिलौंड़ी चौकी प्रभारी विष्णु शंकर जायसवाल पुलिस की टीम के साथ अपने अपने क्षेत्रों पर मुस्तैद रहे।पुलिस क्षेत्र में रातभर गश्त करती रही।जिसके चलते क्षेत्र में शांति का वातावरण निर्मित रहा और कोई भी घटनाएं नहीं हुई।

### बका लेकर घूम रहे युवक को किया गिरफ्तार

**उमरियापान।** धारदार हथियार के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की हैं। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि उमरियापान के मचखंडा मोहल्ला में जितेंद्र पिता अशोक चौधरी(26) धारदार लोहे का बका लेकर मोहल्ले में घूम रहा था। जिससे लोगों में दहशत का माहौल रहा। सूचना पर पहुँची पुलिस ने युवक को हथियार सहित गिरफ्तार किया।

## खबर संक्षेप

### जुझार में स्थित अति प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर में खेली फूलों की होली

**बनवार।** जुझार गांव में स्थित राधा कृष्ण मंदिर में होली पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान राधा कृष्ण का रंगों से स्नान कराकर पूजा अर्चन किया गया। महिलाओं और पुरुषों ने होली पर रंग गुलाल उड़ाकर एक दूसरे को बधाई दी। मंदिर में भव्य फूलों की होली खेली गई, जिसमें टेसू, गुलाब, गेंदा, सफेद गुलाब और नौरंगा जैसे फूलों का उपयोग किया गया। नागड़ियों की धुन पर फाग गाई गई और युवाओं ने रंग गुलाल लगाकर हुड़दंग मचाई। इस आयोजन में असाटी परिवार के सदस्यों सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान भगवान राधा कृष्ण पर फूल बरसाए गए और नृत्य भी किया गया।

### विद्यार्थियों को दी गई विविध जानकारी

**दमोह।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय हटा में प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र दमोह डॉ. मनोज कुमार अहिरवार द्वारा विद्यार्थियों को कृषि, शिक्षा, अनुसन्धान, प्रसार एवं कृषि रोजगार के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही नवोदय विद्यालय के प्राचार्य अशोक त्रिपाठी, उप प्राचार्य आशीष शुक्ला, सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक शिक्षिकाओं, कार्यक्रम प्रभारी पारुल मैडम का विशेष सहयोग एवं उपस्थिति रही।

### बसपा के संस्थापक की जयंती मनाई

**दमोह।** बहुजन समाज पार्टी ने 15 मार्च 2025 को सम्पूर्ण देश के साथ-साथ बसपा दमोह यूनिट द्वारा बटियागढ़,दमोह में बामसेफ,डी एस-4,बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम साहब जी के जन्म जयंती पर कोटि-कोटि नमन करते हुये जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि मा.सी.एस. बौद्ध (जोन प्रभारी सागर) ने मान्यवर साहब के जीवन संघर्ष, बहुजन समाज पार्टी के संगठन व आदरणीय बहन जी के संघर्ष व उ.प्र. में चार बार बनी सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। जिले की चारों विधान सभा स्तर पर संगठन बैठकें तय की गयीं। संगोष्ठी में जिला प्रभारी गणो में मा.आशाराम चौधरी, मा. के.एल.लारिया, मा.रविशंकर एवं मा. कोमल अहिरवार ने विचार रखे। जयंती समारोह में महाराज सिंह लोधी वि.स. महासचिव, चिंतामन पूर्व वि.स.प्रभारी, जोगेंद्र चौधरी, डालचंद चौधरी, रामचरण कुशवाहा सरपंच, भगवान दास, प्रदीप अहिरवार, कंछेदी, गया प्रसाद, फारुक खान, हरविंद्र, अजय बौद्ध, बबलू जाटव, वीरेश्वर सेन, भवानी पूर्व सरपंच आदि के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थित रहे..कार्यक्रम का संचालन दिनेश चौधरी जि.कोषाध्यक्ष ने किया। दमोह के जिलाध्यक्ष इंजी. गोवर्धन राज ने बसपा संगठन को मजबूत करने,पूर्ण निष्ठा कार्य करने का संकल्प दिलाया।

वन विभाग आग बुझाने में हो रहा नाकाम साबित, वन अमले की लापरवाही आ रही सामने

# भटरिया प्लांटेशन में लगी भीषण आग लगभग आधा प्लांटेशन जलकर स्वाहा

### वन विभाग की सूचना के 1 घंटे बाद भी नगर से 2 किलोमीटर दूर नहीं पहुंची नपा की फायर ब्रिगेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा





गर्मी की शुरुआत में ही जंगलों में आग की भीषण लपटे दिखाई दे रही हैं इस आग से जहां जंगल धधक रहे हैं वहीं दूसरी ओर वन विभाग के नुमाइंदों की लापरवाहिया भी सामने आ रही हैं। उपवन मंडल के अंतर्गत आने वाले परिक्षेत्र में एक सप्ताह से जंगलों में आग की वारदातें सामने आने के बाद भी वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपने कार्य के प्रति चुस्त-दुरुस्त नहीं है। उपवनमंडल के तारादेही, क्षलौन, तेजगढ़, तेंदूखेड़ा की वन वीटो में आग लगने का सिलसिला लगभग पिछले एक सप्ताह से जारी है लेकिन विभाग के पास आग से निपटने के पुख्ता इल्जाम नहीं है । पिछले दिनों से जंगल आग में धधक रहे हैं, लेकिन कई वन कर्मियों को इसकी जानकारी तक नहीं है। जिन वनकर्मियों को जानकारी है, वे भी फायर उपकरणों की सहायता से नहीं बल्कि पेड़ों की झाड़ियों से आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं।

**नगर से एक किलोमीटर दूर प्लांटेशन में लगी भीषण आग**

नगर सीमा से 1 किलोमीटर दूर बनी वन प्लांटेशन में शनिवार को लगभग 12.15 अचानक आग लग गई है आग ने देखते ही देखते इतना भीषण रूप लिया कि इस प्लांटेशन में लगे 56 फीट के पेड़ आग में झुलस गए लगभग 50% प्लांटेशन आग की चपेट में आ गया वन विभाग के कर्मचारी एवं उनके साथ मजदूर लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन वो सफल नहीं हो सके वन विभाग के द्वारा आग की सूचना नगर परिषद को देकर फायर वाहन की मांग की गई लेकिन 1 घंटे तक फायर वाहन नहीं पहुंचा आग लगने की बात जहां-जहां से आज होकर गुजरी वह वहां लगे छोटे पेड़ों को चौपट करती हुई आगे बढ़ती गई लगभग 2 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया वन परीक्षेत्र अधिकारी मेघा पटेल द्वारा अपने अधिनस्थ स्टाफ को तत्काल ही भेजा गया लेकिन इस व्यवस्था में भी लगभग 30 मिनट गुजर गए तब तक आग जंगल में हवा की तरह आग फैल गई 7 से 8 लोग आग बुझाने का प्रयास झाड़ियां से करती रहे लेकिन हवा के कारण आग फैलते ही गई उनके पास आग बुझाने का कोई उपकरण नहीं था जिससे आग पर काबू पाया जा सके। ऐसे में वह झाड़ियों की मदद से आग बुझाने का प्रयास करते रहे इमलीडोल मार्ग पर बनी इस प्लांटेशन में भीषण आग लगी थी, जिसमें सैकड़ों पेड़ झुलस गए। आग लगने की जानकारी रेंज कार्यालय को दी गई थी, लेकिन कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, केवल बीट गार्ड ही वहां पहुंचा। आग ज्यादा न फैले, इसके लिए बीट गार्ड ने झाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक सैकड़ों पेड़ आग की चपेट में आ चुके थे। आग से कई प्रजातियों के 5 वर्ष पुराने पेड़ आग में स्वाहा हो गए प्लांटेशन में लगी आग से 5 6 वर्ष पुराने छोटे पेड़ आग की चपेट में आने के कारण पूर्ण रूप से जल चुके हैं इस प्लांटेशन में काफी संख्या में 6 वर्ष पहले पौधे लगाए गए थे जिनकी सुरक्षा के लिए फेंसिंग तार भी लगा हुआ है मुख्य मार्ग पर स्थित यह प्लांटेशन बहुत ही खूबसूरत था जिसमें हरी भरी पेड़ पौधे दिख रहे थे अब वही पेड़ पौधे बीरान अवस्था में है वन विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि आग लगाने का कारनामा किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा किया गया है इनका कहना- वन विभाग के डिप्टी रेजर महेंद्र खरे ने बताया कि आग लगने के डेढ़ घंटे बाद में आग पर काबू पा लिया गया मेरे द्वारा नगर परिषद को आग लगने की सूचना देकर फायरवाहन की मांग की गई थी लेकिन 1 घंटे बाद भी फायर ब्रिगेड वाहन नहीं पहुंचा

**एक सप्ताह में कई हैक्टेयर जंगल हो गया खाक**

वहीं अगर जंगल में आग लगने की घटनाओं की जांच की जाए तो वन विभाग की बड़ी लापरवाही उजागर हो सकती है क्योंकि जब वन विभाग द्वारा हर बीट में वनरक्षक और चौकीदार कर्मियों को तैनात कर रखा है तो डिप्टी रेंजर सहित पूरा वन अमले की निगरानी पेड़ों की देखरेख के लिए होती है तो जंगल में आग कैसे लग जाती है अगर लोगों द्वारा आग लगाई जाती है तो इन पर वन विभाग द्वारा कोई कार्यवाही क्यों नहीं की जाती है कहीं कहीं वन अमला जंगलों की देखरेख चौकियों में ना रखकर अपने घरों और शहरों में रहकर करते हैं जिसके कारण उन्हों भनक ही नहीं लगती है । आखिर जंगल में हो क्या रहा है जब घटना घट जाती है तब विभाग के अधिकारी कर्मचारी और उस बीट में पदस्थ सर्किल रेंजर वनरक्षक मौके पर पहुंचे और आग को बुझाने के प्रयास करते हैं। तब तक जंगल में कई हेक्टेयर में आग लग कर पेड़ पौधौ को खाक कर देती है। बीते दिनों इमलीडोल सहजपुर नरगुवा इन बीटों में भीषण आग लगने से कई हेक्टेयर जंगल जलकर खाक हो गया है। अभी भी जंगलों में आग लगी हुई नजर आ रही है। जहां जंगलों से निकलने वाला धुआं नजर आता है ।

**इनका कहना है**

इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी मेघा पटेल का कहना है कि आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। मैंनै तत्काल स्टाफ को मौके पर भेजा था आग पर काबू पा लिया गया है। अगर जंगल में आग लगने और देखरेख में स्टाफ द्वारा लापरवाही की जा रही है तो कार्रवाई की जाएगी।

**मेघा पटेल, वन परिक्षेत्र अधिकारी तेन्दूखेड़ा**

## गायत्री प्रज्ञापीठ में हुआ होलिका दहन

**हटा।** समीपस्थ गायत्री प्रज्ञापीठ ग्राम तेवरईया में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी होलिका दहन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमें सर्वप्रथम देवपूजन नृसिंह भगवान का षोडशोपचार पूजन मातृभूमि एवं त्रिधा समता देवी का पूजन व क्षमावाणी कर यज्ञाचार्य शास्त्री पं.महेश तिवारी ने होलिका दहन कराया। ग्रामवासियों ने अनिष्ट निवारण हेतु होली की चार परिक्रमाएं करते हुए सिर पर उड़द घुमाकर अग्नि में छोड़े। संभाग के सहप्रभारी दिनेश दुबे ने बताया होली प्रेम प्रसार, सामाजिक राष्ट्रीय एकता को बढ़ाने, मनमुटाव ईर्ष्या द्वेष बैरभाव को हटाने, जातिभेद वर्गभेद लिंगभेद को मिटाने का महापर्व है। कार्यक्रम के समापन पर चने एवं गेहूं की बालियों को भूनकर उनका प्रसाद दिया गया गोबर से बनाये गये बरूलों के माध्यम से परिजनों ने भोजन बनाने हेतु अग्नि भी होली से प्राप्त की। दूसरे दिन धुड़ेरी पर गायत्री यज्ञ में अभिषेक दाहिया की सुपुत्री अन्विता का मुंडन संस्कार संपन्न हुआ। होली मिलन में उपस्थित परिजनों को मीठा खिलाकर गुलाल लगाकर वरिष्ठ परिजन धनीराम दाहिया ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

## उमंग व उत्साह से मनाया रंगोत्सव



**हटा।** नगर व क्षेत्र में होली का पर्व बड़े ही उमंग व उत्साह के साथ एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर मनाया गया। होली को यादगार बनाने के लिए इस बार परीक्षाओं का दौर चलने के बावजूद भी खास तौर से युवा वर्ग उत्साह से होली उत्सव का हिस्सा बने नगर में युवाओं की टोली ने जगह-जगह ढोल नगाड़ों डीजे के बीच होली के गीतों पर थिरकते हुए दोपहर से शाम तक जमकर रंग गुलाल उड़ाते हुए रंगीन नजारे को यादगार बनाया। नगर में युवाओं द्वारा चौक-चौराहों व गलियों में आने जाने वाले लोगों पर बिना जान पहचान के भी प्रेम का रंग बरसाने उत्साही थे। जिससे हर किसी का चेहरा रंगों से लथपथ दिखाई दे रहा था। वहीं महिलाएं वह युवतियां भी होली खेलने में पीछे नहीं रहीं अपने-अपने गली मोहल्ले में एक दूसरे को रंग लगाकर खूब रंग गुलाल उड़ाते हुए होली का पर्व मनाया।

## विश्व शांति महायज्ञ के साथ श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



आचार्य श्री विद्यासागर धर्मशाला सगरा में चल रहे श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का समापन विश्व शांति महायज्ञ के साथ किया गया। मुनि श्री ने प्रवचनों में कहा कि भगवान की पूजा अप्रमत्त होकर करें और अपनी जागृति में कमी लेकर ना करें। कार्यक्रम में ग्राम के सभी भक्तों ने बहुत ही जोश के साथ इस महान कार्य को सम्पन्न किया। मुनि श्री के मुखारविंद से सभी को धर्मलाभ मिला। मुनि श्री प्रबुद्ध सागर जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि हवन करने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि हवन से ग्रह दोष, वास्तु दोष, आर्थिक तंगी और मन की अशांति का निराकरण हो जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान का अभिषेक पूजन शांतिधारा से किया गया जिसमें शांतिधारा का एवं मंगल कलश का सौभाग्य पुष्पा-जयकुमार जैन मेघा-प्रदीप जैन निराला , मानस परिवार को प्राप्त हुआ । कार्यक्रम का कुशल निर्देशन बाल ब्रह्मचारी सुमत भैया भोपाल के द्वारा किया जा रहा हैं। कार्यक्रम में कोदू लाल जैन मानक जैन दयाचंद जैन जयकुमार जैन जिनेश जैन ,देवेंद्र , अनिल जैन सोनू जैन पिंटू जैन कमलेश जैन नीरज सिंघई मयंक जैन आदि सभी सगरा रिछई समाज की उपस्थिति रही साथ ही रोड, परस्वाहा ,बनवार , जबेरा नोहटा दमोह , जबलपुर , भोपाल , इंदौर की समाज के व्यक्तियों की सहभागिता रही ।

## धुरेडी के दिन एक दर्जन सड़क हादसे हुये, दो जबलपुर रेफर

**तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार को होली के दिन अजीतपुर खमरिया मार्ग पर दो एक्सीडेंट 1 घंटे के अंतराल से हुए जिसमें शाम 4.30 बजे प्रेमबाई यादव 60 निवासी वार्ड 12 तेंदूखेड़ा अपनी स्कूटी से खमरिया से तेंदूखेड़ा आ रही थी। खमरिया स्कूल के पास फूलसिंह पिता जगन पाल 40 निवासी दलपतखेड़ा की मोटरसाइकिल एवं स्कूटी आमने सामने टकरा गई जिससे प्रेमबाई यादव गंभीर रूप से घायल हो गई जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडीकल कालेज रेफर किया गया। साथ ही फूलसिंह का इलाज नगर के अस्पताल में किया जा रहा हैं। इसके अलावा इसी मार्ग पर शाम 5.30 बजे सुरेश पिता साहब तिवारी भागवताचार्य 55 निवासी वार्ड 8 तेंदूखेड़ा अपनी मोटरसाइकिल से आ रहे थे उसी समय मोहन पिता हेमराज गौड़ 25 निवासी बुडैला की मोटरसाइकिल खमरिया चंडी के पास आमने सामने टकरा गई जिसमें सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सिर एवं हाथ फैक्चर होने चलते गंभीर अवस्था में जबलपुर मेडीकल कांलेज रेफर किया गया हैं। वहीं स्वास्थ्य केंद्र से मिली जानकारी अनुसार धुरेड़ी दिन एक दर्जन सड़क हादसे हुए हैं जहां लोग घायल अवस्था में स्वास्थ्य केंद्र इलाज कराने पहुंचे थे। जिन्हें मामूली चोटे आने पर प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी कर दी गई। वहीं दो अन्य को जबलपुर रेफर किया गया है स्वास्थ्य केंद्र में घायलों से हादसे का कारण पूछा तो किसी ने बाइक से गिरने की वजह बताई तो किसी ने मोड़ पर अनियंत्रित होकर गिरने से घायल होना तो किसी ने अज्ञात वाहन की टक्कर तो किसी ने आमने सामने टकराने तो किसी ने मवेशियों से टकराने की वजह से घायल होना बताया गया है।

## वुमन्स वेलफेयर सोसाइटी ने मनाया होली मिलन समारोह



**दमोह।** वुमन्स वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस वर्ष यह आयोजन नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती मंजू वीरेंद्र राय द्वारा अपने फॉर्म हाउस में आयोजित किया, जहाँ सभी सदस्यों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और डांस मस्ती के साथ बुंदेली व्यंजन दाल वाटी भरता, का लुफ्त उठाया।

## 'ब्रज मे होली रे रसिया'



**दमोह।** होली रंगोत्सव के उपलक्ष्य में शिव हनुमान मंदिर जेल रोड दमोह के सभागार में रंगारंग होली के लोक भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया मां सरस्वती और राधाकृष्णन पूजन के पश्चात प्रसिद्ध लोकगीत, भजन,गीत गजल गायिका मीना पाठक एवं टीम सहित .फूल माला ,और गुलाल लगा कर डाक्टर प्रेमलता नीलम स्वागत सत्कार किया गया। और कहा मीना पाठक प्रदेश की जानी पहचानी कलाकार है आज ब्रज मे होली रे रसिया की तथा ब्रज में होली किशन संग खेली चुनरिया किन्ही पीली रे रसिया, शानदार प्रस्तुति से कार्यक्रम का आरंभ हुआ। बुंदेलखंड की प्रचलित फागों की धूम रही, मै तो ऊंसई अतर में डूबी लला तुम सयाने हो मै भोरी लला, फिर आइयो खेलन होरी लला सुमधुर फागों की लाजवाब प्रस्तुति ने मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिद्धार्थ मलैया ने भूरि भूरि प्रशंसा की उन्होंने कहां यह प्रस्तुति लोक परम्परा, संस्कृति के प्रतीक है, संस्था अध्यक्ष कमलेश भारद्वाज ने कहा ये राधा किशन की फागें ब्रज, बुंदेलखंड की धरोहर हैं, श्रोताओं ने भरपूर आनंद उठाया आलोक गोस्वामी ने कहा यह कार्यक्रम अब प्रतिवर्ष होगा जिससे बुंदेली फागें सुनी समझी जावें तालियों की ध्वनि से खूब आनंद उठाया समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## रंगपंचमी तक चलेगी होली



**तेंदूखेड़ा।** पूर्णिमा को होलिका दहन के बाद शुरू हुआ होली का त्योहार रंगपंचमी तक चलेगा। रंगपंचमी पर मिलन समारोह आयोजित कर होली खेली जाती है। कुछ जगहों पर होली से ज्यादा उत्साह इस दिन दिखाई देता है। होली का त्योहार नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। सुबह से लेकर देर रात तक खूब रंग, गुलाल उड़ा और कई जगहों पर सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सबसे ज्यादा उत्साह बच्चों में दिखा।रंगों के त्योहार होली की शुरुआत लोगों ने मंदिर पहुंचकर भगवान को रंग, गुलाल लगाकर की। इसके बाद एक दूसरे के साथ होली खेलने का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर रात तक जारी रहा। होली का उत्साह बच्चों में सबसे ज्यादा दिखा और वह दिनभर रंगों में सराबोर नजर आए। नगर में कई जगह सामूहिक कार्यक्रम आयोजित हुए और होली के गीतों पर नृत्य कर रंग के साथ एक दूसरे को गुलाल लगाया। ग्रामीण क्षेत्रों में होली का त्योहार परंपरा अनुसार होली का त्योहार मनाया गया और यहां होली से फागें निकलना शुरू हुईं, जो रंगपंचमी तक चलेंगी, इसमें शामिल लोग भगवान के भजन गाते हुए नृत्य करते हैं। यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है। ग्रामीण टोलियां बनाकर फाग गीत गाते हुए निकले। लोगों ने आसपास के क्षेत्रों में जाकर पिकनिक मनाकर भी होली खेली। सुरक्षा को लेकर पुलिस भी मुस्तैद रही। सिद्ध पीठो पर भक्तों ने फूलों से जमकर होली खेली। कीर्तन के साथ-साथ फूलों की होली हुई।

## दमोह विधायक के निवास पर हुआ होली मिलन समारोह





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

होलिका दहन से रंगपंचमी तक के छह दिवसीय रंगोत्सव पर्व भारतीय धर्म संस्कृति और दर्शन का महापर्व हैं यह उत्सव हमें धर्म के साथ दर्शन के उस विचार से जोड़ता है कि जीवन में ऐसे अनेक बार ऐसा होता है। जब अनजाने में किसी के प्रति कटुता मन में घर कर लेती है तो यह रंगोत्सव पर्व हमें उस कटुता को मन से निकाल एक नयी शुरुआत कर पुनः व्यवहारिक संबंध बनाने के लिए प्रेरित करती है। उक्त वक्तव्य पूर्व वित्त मंत्री दमोह विधायक जयंत मलैया ने मलैया मिल परिसर में आयोजित होली मिलन एंव सहभोज कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कार्यक्रम में पधारे सभी गणमान्य नागरिकों का अभिनंदन करते हुए रंगोत्सव की बधाई दी। होली मिलन समारोह में पधारे सभी का अभिनंदन सिद्धार्थ मलैया, निशांत मलैया ने तिलक और गुलाल कर होली कि बधाई शुभकामनाएं दी। ग्रामीण मंडली द्वारा फाग गाकर आनंद मय वातावरण बनाया। डॉ सुधा मलैया और महिला मंडली द्वारा विभिन्न गीत संगीत भजन, होली गीतों के माध्यम से राधाकृष्ण की जोड़ी के साथ फूल की होली खेली। सिद्धार्थ मलैया ने कहा कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रंगोत्सव पर्व पर मिलन एंव सहभोज कार्यक्रम का आयोजन हुआ दमोह के पूरे परिवार को रंगोत्सव की बधाई, हम सभी इसी तरह आपसी सौहार्द के साथ स्वच्छ एवं सुंदर दमोह के लिए साथ आगे बढ़ते रहे। होली मिलन समारोह में मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष रामकृष्ण कुसमरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, पूर्व मंत्री दशरथ सिंह, पूर्व विधायक विजय सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री राजा पटेरिया, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विद्यासागर पांडे, प्रीतम सिंह, रूपेश सेन, रमन खत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, जिला पंचायत सदस्य राघवेंद्र सिंह ऋषि, रजनी ठाकुर, लोकेन्द्र लकी पटेल, प्रभात सेठ, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू ठाकुर, प्रतिभा तिवारी, महिला मंडल टीम, कोतवाली टी आई आनंद राज, पार्षद गण, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच, सचिव, शासकीय कर्मचारी, सहित जिले भर से पधारे गणमान्य नागरिक, पत्रकार बंधु, विभिन्न सामाजिक, समाजसेवी संस्थाओ के सदस्य आमजन ने होली मिलन समारोह में सम्मिलित होकर रंगोत्सव का आनंद लिया।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का हुआ आयोजन

**दमोह।** माधवराव सप्रे शासकीय महाविद्यालय पथरिया में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया इसमें प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर गजेंद्र नामदेव की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती पूजन से की गई। कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर प्रकाश कुशवाहा द्वारा स्वागत उद्बोधन एवं कार्यक्रम की रूपरेखा के साथ सीवी रमन के संक्षिप्त परिचय एवं उनकी उपलब्धियां को संक्षिप्त में प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रोफेसर नवीन कांगो द्वारा विकसित भारत में विज्ञान की भूमिका विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए एवं शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह के अतिथि वक्ता के रूप में सहायक प्राध्यापक डॉक्टर नंदराम सुमन द्वारा विज्ञान और नवाचार विषय पर अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ के साथ लगभग 80 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया दोनों अतिथि वक्ताओं के उद्बोधन के बाद महाविद्यालय के स्टाफ द्वारा भी उद्बोधन दिया गया। इसके बाद विद्यार्थियों को उचित पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया पुरस्कार वितरण के बाद प्रभारी प्राचार्य द्वारा उद्बोधन दिया गया एवं प्रभारी प्राचार्य के उद्बोधन के साथ ही आभार व्यक्त करने के बाद कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अवधेश प्रताप सिंह द्वारा किया गया एवं आभार डॉक्टर हरिओम सोनी द्वारा व्यक्त किया गया एवं विद्यार्थियों को स्वल्पाहार तथा चाय नाश्ते की व्यवस्था भी की गई।

## तेजगढ़-तेन्दूखेड़ा के जंगल में बाघिन एन-6 ने जमाया डेरा, एक सप्ताह से जिले में बाघिन का मूवमेंट

**तेन्दूखेड़ा।** क्षेत्रफल में प्रदेश के सबसे बड़े टाइगर रिजर्व वीरांगना रानी दुर्गावती में एक तरफ बाघों का कुनबा बढ रहा है तो वहीं बाहर से लाए जा रहे बाघ बाघिन को भी यह खासा अनुकूल लग रहा है जंगली सूअर के शिकार के चक्कर में कुएं में गिरी बाघिन को पिछले महीने 4 फरवरी को पेंच टाइगर रिजर्व से यहां लाया गया था इस बाघिन को एन -6 नाम दिया गया है वह अब दमोह जिले की सीमा में भ्रमण कर रही है और अपनी टेरेटरी बना रही है बीते एक सप्ताह से बाघिन एन-6 तेन्दूखेड़ा उप वनमंडल के जंगल में अपना मूवमेंट कर रही है और एक सप्ताह में दो शिकार भी किए हैं इससे प्रतीत हो रहा है कि बाघिन एन-6 अब यहां रम गई है। पहले बाघिन एन-6 तेन्दूखेड़ा वन परिक्षेत्र के जंगलों में भ्रमण करते हुए देखी गई थी और अब तेजगढ़ रेंज की सीमा में आ गई है। जिसका मूवमेंट इन तेजगढ़ और झलौन दोनों वन परिक्षेत्रों के जंगलों में चल रहा है और वह लगातार अपना स्थान बदल रही है। बता दें कि बाघिन एन-6 को नौरादेही रेंज की सीमा में छोड़ा गया था और वह सर्रा रेंज पहुंच गई थी। इसके बाद इसकी लोकेशन झापन रेंज में मिलती रही लेकिन बीते एक सप्ताह से बाघिन एन-6 मस्तानी दमोह जिले के तेन्दूखेड़ा और तेजगढ़ झलौन के जंगलों में घूम रही है और टाइगर रिजर्व की टीम लगातार लोकेशन पर है बताया जा रहा है कि बाघिन एन-6 पांच दिन से तेजगढ़ वन परिक्षेत्र की सीमा में अपना मूवमेंट कर रही है और यहां पर उसने किसी जानवर का शिकार भी किया है बताया जा रहा है कि जिस जगह बाघिन रुकी है, वह क्षेत्र आज भले ही सामान्य वन की सीमा में है लेकिन भविष्य में वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व का हिस्सा बनेगा जिसकी मंजूरी पूर्व में हो मिल चुकी है। चूंकि अभी क्षेत्र स्थानांतरण नहीं हुआ है। वहीं बाघिन ने तेजगढ़ के जंगल में शिकार किया है जिसकी पुष्टि वन अमले की। वहीं बाघिन एन-6 मस्तानी जिस स्थान पर अपना डेरा जमाए हुए हैं और अभी तक उसका भ्रमण क्षेत्र घना जंगल और खाई या पहाड़ी क्षेत्र रहा है ग्रामों से दूर है और उसकी लोकेशन से लग रहा है कि वह घूमती हुई वापस नौरादेही लौट आएगी या फिर यहां पर रम जाएगी। टाइगर रिजर्व के डीएफओ डॉ एए अंसारी ने बताया कि बाघिन को वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व काफी अनुकूल है उसकी सुरक्षा और निगरानी के लिए कॉलर आईडी लगाई गई है वह रोज 40-50 किलोमीटर एरिया में भ्रमण कर रही है उसने हाल ही में शिकार भी किया है

# भक्तों ने भोलेनाथ के खेली फूलों की होली




**बनवार।** देव श्री जागेश्वर नाथ के दरबार में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। भगवान के साथ फूलों की होली खेली गई, जिसमें भक्तों ने 2 क्विंटल फूल मंगवाए थे। इस अद्भुत नजारे को वर्ष भर में केवल एक बार देखा जाता है। भक्त भगवान के साथ होली खेलकर धन्य हो गए और अभिभूत हो गए। इस अवसर पर मंदिर प्रबंधक श्री राम कृपाल पाठक ने बताया कि मंदिर ट्रस्ट की होली रंग पंचमी को रंग उत्सव के साथ विधि विधान से मनाते हैं। लेकिन कुछ वर्षों से भक्तों के द्वारा फूलों की होली उत्सव मनाया जाता है। अलग-अलग जगह से भक्त फूल लेकर आते हैं और भगवान के साथ फूलों की होली मनाते हैं। इस बार भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। भक्त और भगवान के बीच आधे घंटे तक होली खेली गई। भोग आरती में दर्शन करने आए श्रद्धालु होली खेल कर अभिभूत हो गए।

# बड़े बाबा के रंग में रंगने कुण्डलपुर पहुंचे हजारों श्रद्धालु

## आचार्य श्री विद्यासागर जी की अनुपम कृति जिसका नाम है कुण्डलपुर -आचार्य श्री विहर्षसागर जी



**कुण्डलपुर दमोह(जय कुमार जलज)।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में होली धुलेंडी के पावन पर्व पर देश के कोने-कोने से आए हजारों श्रद्धालु भक्तों ने पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक पूजन दर्शन वंदना कर धर्म लाभ लिया। इस अवसर पर परम पूज्य गणाचार्य श्री विरागसागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य परम पूज्य आचार्य श्री विहर्ष सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा अभी मैं ऊपर से बड़े बाबा मंदिर के दर्शन कर रहा था नजारा देख रहा था लोग तो अंदर से बाहर से दर्शन करते हैं मैं ऊपर से देख रहा था यदि कोई अनुपम कार्य कोई कर सकता था तो वह है आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज थे जिन्होंने कुण्डलपुर में जंगल में मंगल कर दिया। ऐसे संत जिनका नाम विद्यासागर महाराज है जिनकी अनुपम कृति है जिसका नाम है कुण्डलपुर। जिसकी छवि लोगों की आंखों में बसी हुई है। आज का दिन होली का दिन है लोग बोलते बुरा ना मानो होली है ।आज बड़े बाबा के श्री चरणों में सामने हम आप सब नतमस्तक हैं अभिषेक पूजन कर रहे हैं ।इस पंचमकाल में 24 तीर्थंकर नहीं है। कुंदकुंद आदि आचार्य नहीं है ।पर आचार्य विद्यासागर जी, आचार्य विराग सागर जी ,आचार्य समय सागर जी ,आचार्य विशुद्ध सागर जी, मुनि सुधासागर जी, प्रमाण सागर जी जैसे संत धर्म की सुगंध बिखेर रहे हैं। हम बड़े बाबा और छोटे बाबा दोनों का अभिषेक कर रहे है ।जब मस्तक पर कलश लेकर अभिषेक करने जाओ तो सोचना यह बड़े बाबा का अभिषेक है जब चरणों पर अभिषेक करो तो सोचना यह छोटे बाबा का अभिषेक है। संत शिरोमणि हमें छोड़ कर चले गए, दूसरे बड़े संघ के नायक आचार्य विरागसागर भी छोड़ कर चले गए ।आचार्य श्री जहां भी हो हम सभी को उनकी चरण छाया मिलती रहे हम भी उनके पद चिन्हों पर आगे बढ़ते रहें ।हम लोग तीन साधु 2 वर्ष पहले होली पर ही बड़े बाबा के चरणों में आशीर्वाद लेकर सम्मेद शिखर की यात्रा पर गए थे और 2 वर्ष बाद अब जब होली पर ही लौट कर आए तो 16 साधु आए यह बड़े बाबा का ही चमत्कार है ।

## सातों विकासखंडों में सात आदर्श उपार्जन केंद्र बनाए जायेंगे-कलेक्टर

**दमोह ।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया उपार्जन 15 मार्च से प्रारंभ किया जा रहा हैं। इस बार निर्णय लिया है कि जैसे चुनाव में आदर्श मतदान केंद्र बनाये जाते हैं, वैसे ही इस बार सातों विकास खंडों में सात आदर्श उपार्जन केंद्र बनाये जा रहे हैं, जहाँ पर किसानों के आने से लेकर तुलाई और उनके वापस जाने तक सारी व्यवस्थाएँ बहुत उच्च कोटी की रखने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा इसके अलावा जो 49 उपार्जन केंद्रों को शत-प्रतिशत सी.सी.टी.वी कवरेज से लेस किया जा रहा है। एक सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल और कमांड सेंटर जिले में बनाया जा रहा है ताकि हर एक केंद्र की लगातार निगरानी रखी जा सके तथा देखा जा सके कि वहाँ पर उपार्जन कार्य किस प्रकार से चल रहा है। इससे ना केवल उपार्जन कार्य में पारदर्शिता आएगी, बल्कि किसानों को भी बहुत सुविधा होगी। कलेक्टर श्री कोचर ने सभी से आग्रह करते हुए कहा आदर्श उपार्जन केंद्रों का लाभ उठाएं। यहाँ की व्यवस्थाएँ पूरी तरह आदर्श उपार्जन केन्द्र के अनुरूप बनाएंगे और पूरा विश्वास है कि किसानों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा।

# उपजेल की महिला प्रहरी की करंट लगने से मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह/हटा

उपजेल हटा में पदस्थ महिला प्रहरी नम्रता तिवारी को विगत शनिवार की सुबह उपजेल परिसर स्थित शासकीय आवास में अचानक कूलर से करंट लगने के कारण गंभीर रूप से झुलस गईं जिसे तुरंत ही जेलर नागेंद्र चौधरी द्वारा स्टाफ की मदद से सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया इस हृदय विदारक घटना से उपजेल हटा में शोक की लहर छा गई है। घटना की सूचना मिलते ही हटा टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय और एसआई नरेंद्र तिवारी थाना पुलिस के साथ अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी लेकर घटना में मर्ग कायम कर आवश्यक कार्यवाही की गई।



पोस्टमार्टम के बाद नम्रता का पार्थिव शरीर उपजेल ले जाया गया। जहां जेल स्टाफ ने उन्हें सलामी दी वहीं एसडीएम राकेश मरकाम और तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी सीबीएमओ डॉ यूएस पटेल ने पुष्प अर्पित कर दिवंगत प्रहरी को श्रद्धांजलि दी।

जानकारी के अनुसार जेल प्रहरी नम्रता तिवारी पति के निधन के बाद वे अनुकंपा नियुक्ति के तहत वर्ष 2017 से उप जेल हटा में प्रहरी के रूप में सेवाएं दे रही थीं। उनका सात वर्षीय बेटा है, जो इस पूरे घटनाक्रम से अनजान है और बार- बार अपनी मां को पूछ रहा था। चूंकि ससुराल में उनके सास-ससुर नहीं हैं, इसलिए वे अपने मायके दमोह में रहती थीं। अब उनकी मौत के बाद उनके बेटे की जिम्मेदारी उनकी मां पर आ गई है, जो इस गहरे आघात से स्तब्ध हैं। जेलर नागेंद्र चौधरी ने बताया कि प्रहरी नम्रता तिवारी की करंट लगने से दुखद मौत की घटना से जेल प्रशासन और उनके सहयोगियों में शोक का माहौल बना हुआ है।

## इधर, आरक्षक के बेटे की डूबने से मौत

**दमोह।** होली के दूसरे दिन हुई दो दुखद घटनाओ ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। करंट लगने से एक महिला जेल प्रहरी की मौत हो जाने की दुखद खबर सामने आई वही एनसीसी कैडेट रहे एक पुलिसकर्मी के बेटे की कुएं में डूब जाने से मौत हो जाने की दुखद घटना सामने आई है। शनिवार को दमोह में जब पुलिस का होली मिलन समारोह चल रहा था इसी दौरान दमोह पुलिस लाइन के समीप एसपीएम नगर स्थित एक बड़े और गहरे कुएं में एक किशोर गिरकर काल के गाल में समा गया। बताया जा रहा है कि पुलिस लाइन निवासी तथा मडियादो थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक तुलसीराम का बेटा 15 वर्षीय रुपेश अचानक कुएं में गिर गया। जानकारी लगते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस कंट्रोल रूम सहित उच्च अधिकारियों को सूचना देकर कुएं में रूपेश की तलाश शुरू की गई। होमगार्ड के साथ एसडीआरएफ टीम ने कुएं में उतरकर तलाश शुरू की देर तक सफलता नहीं मिलने पर पंप लगाकर कुएं से पानी निकलवाने का क्रम भी शुरू किया गया। कई घंटे की कोशिशें के बाद शाम 5 बजे एसडीआरएफ टीम के सदस्य राहुल और पुष्पेंद्र ने कुएं में करीब 10 फीट नीचे जाकर रुपेश को बरामद किया। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी उसकी सांसे थम चुकी थी। जिला अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर द्वारा चेकअप उपरांत मृत्यु घोषित कर दिया गया रविवार को पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौपा जाएगा। कार्रवाई के दौरान एसडीआरएफ प्लाटून कमांडर प्राची दुबे, आरआई हेमंत बरहैया, टीआई कोतवाली आनंद राज टीम के साथ मौजूद रहे।

# जिन्होंने जिताया उनको ही भूले मंत्री जी

## पथरिया विधायक की जनता की शिकायतें सुनने वाला कोई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि अगर क्षेत्र का हो तो हर समय सदैव जनता को तत्पर रहते है पर अगर क्षेत्र का ना हो तो हर समय उसकी कमी लगती है। जिलें में पथरिया विधानसभा क्षेत्र एक ऐसा अनोखा मुख्यालय है जहां यहां के जनप्रतिनिधि मुख्यालय पर कार्यालय नही बनाए हैं तो वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक अधिकारी जिनके कार्यालय है वह क्षेत्र की बजाय जिला मुख्यालय पर निवास करते हैं। शासन द्वारा क्षेत्र में भ्रमण के लिए वाहन लगाए हैं। अप डाउन करते हैं जिससे स्वयं का कोई खर्च भी नही होता। कर्मचारियों की बात करें तो वह भी अप डाउन करते हैं। पर स्वयं का पैसा खर्च कर रहे हैं। क्षेत्रीय विधायक एवं राज्यमंत्री क्षेत्र में ना रहकर जिला मुख्यालय पर निवास करते हैं। ऐसे में जनता अब सवाल उठा रही है कि चुनाव में बडे बडे वादे करने वाले अब जनता को भूल गये। कैसे माने कि जनता के लिए सदैव तत्पर है। कोई व्यक्ति यदि सोचे तो 30 किमी की दूरी तय करना होगी। वहां भी जनप्रतिनिधि मिलें तो ठीक नही तो कार्यालय में प्रतिनिधि व कर्मचारी मिलते हैं जबकि चुनाव में स्वयं जनता के बीच बोला गया कि अब यही निवास करेंगे। वर्तमान में ऐसा माहौल बना हुआ है कि क्षेत्रीय विधायक मंत्री भी हैं ऐसे में हर सामान्य नागरिक से मिलना मुश्किल रहता है लेकिन करीब 15 महीने में एक बार भी ऐसा अवसर नही अभी तक आया कि जनता के लिए समय मिला हो। कोई जनकल्याण शिविर लगा हो। क्षेत्र में सिर्फ प्रतिनिधि सक्रिय हैं। मंत्री जी को समय का अभाव रहता है। इसलिए कम मिल पाते हैं। लेकिन 15 महीने में अभी तक ऐसा समय नही आया कि क्षेत्रीय विधायक मंत्री द्वारा स्वयं से जनता दरबार लगाया हो कि आखिर अपने क्षेत्र की जनता का भी हाल जानें कि किसे क्या तकलीफ़ है या शासन प्रशासन से खुश हैं या नहीं।

विगत दिनों होली मिलन समारोह रखा गया। वह भी जिला मुख्यालय कार्यालय पर जनता सोच रही थी कि शायद क्षेत्र में विधायक मंत्री जी त्यौहार पर मिलेंगे पर लेकिन वह भी दमोह में हुआ। ऐसे में हर किसी का आना संभव नही होता जो खास है वह तो दमोह क्या भोपाल पहुंच जायेंगे पर जिनके पास स्वयं का साधन नही वह कैसे पहुंचे। ऐसी चर्चायें पथरिया की जनता के बीच हो रही है। ऐसे में जनता जनार्दन के बीच क्या भाजपा विधायक व मंत्री अपना विश्वास बनाकर रख पायेंगे, यह बडा सवाल है।

## कलेक्टर-एसपी ने जिप्सी चलाकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी की होली पर्व पर अनोखी पहल देखने को मिली। अधिकारी द्वय ने सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया ताकि त्योहार के दौरान कानून और शांति व्यवस्था बनी रहे। साथ ही जिले की सुरक्षा व्यवस्था की पल-पल की जानकारी ली। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने खुली जिप्सी वाहन को नगर की गलियो में फ़्लैग मार्च पुलिस बल और प्रशासन के साथ निकाला। अधिकारी-कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। कई घंटों तक उक्त अधिकारी द्वय नगर की गलियों में घूमे। यह पहल नागरिकों में प्रशासन और पुलिस के प्रति सकारात्मकता का भाव पैदा करने में सफल रही।

## भूसा परिवहन करते ट्रक जप्त

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले में भूसा परिवहन पर प्रतिबंध लगाया है, इसी तारतम्य में नोहटा थाना अंतर्गत एक ट्रक क्रमांक एमपी 09 HH 3837 को भूसा परिवहन करते हुए जप्त किया गया है। ट्रक चालक ने बताया भूसा सागर से जबलपुर जा रहा था । पशु चिकित्सा एवं डेयरी विभाग के उपसंचालक डॉ पांडेय ने बताया नोहटा पुलिस द्वारा भूसा परिवहन पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। ज्ञात है कि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने गत दिनों आदेश जारी कर भूसा परिवहन पर रोक लगाने के आदेश जारी किए थे। पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी नोहटा डॉ जैन ने जानकारी देते हुए बताया पुलिस थाना नोहटा के द्वारा 4 बजे जानकारी मिली कि यहां पर एक ट्रक भूसा पकड़ा गया है, जो की सागर से जबलपुर की ओर जा रहा था, पुलिस द्वारा ट्रक को जप्त कर लिया गया है, उसमें देखा की भूसा लदा हुआ था और ओवरलोडेड भी था। भूसा का परिवहन कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर द्वारा प्रतिबंधित किया गया है जिसके तारतम्य में पुलिस द्वारा ट्रक को जप्त करके उसके ऊपर कार्यवाही की गई है।

## फिल्मी अंदाज में खूब थिरके सांसद



**दमोह ।** होली के अवसर पर दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने राज्यमंत्री पटेल के निवास पहुंचकर कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र वासियों के साथ होली खेली। सांसद राहुल सिंह लोधी का एक नया अंदाज सामने नजर आया, जिसमें उन्होंने फिल्मी गानों पर खूब वाह-वाही लूटी। सांसद दमोह श्री राहुल सिंह लोधी ने कहा प्रेम, सौहार्द, भाईचारा और रंगों के महापर्व की होली हमें अपनों से प्रेम और भाईचारे की सीख देती है। रंगों का यह त्यौहार आप सभी के जीवन में सुख समृद्धि और अपार खुशियों से रंग भर दे यह सोच उनकी काबिले तारीफ है। इसके उपरांत सांसद दमोह श्री लोधी तथा राज्यमंत्री श्री लोधी पूर्व वित्त मंत्री श्री जयंत कुमार मलैया के निवास पहुंचकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, राज्यमंत्री लखन पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, आमजन मौजूद रहे।

## सुलगे जंगल, वन विभाग बेखबर



**बनवार।** सिग्रामपुर वन परिक्षेत्र की भजिया बीट में आने वाली पोड़ी माला लिंक रोड की तेलन घाटी के निचले हिस्से के जंगलों में आग सुलग रही और बीटगार्ड बे खबर है आलम यह है कि तेलन घाटी में लगी आग से यहां धुआं ही धुआं दिखाई दे रहा है आग घाटी से नीचे लगे जंगलों में सुलग रही है घाटी से निकलने वाले वाहन चालकों को यह आग दिखाई दे रही है लेकिन वन विभाग के द्वारा अभी तक आग पर काबू पाने के उपाय नहीं किए गए है नतीजन आग तेजी से जंगलों में फैल रही है घाटी के किनारे किनारे फैलती आग ने घाटी के नीचे जंगलों तक पहुंच रही है। बीट गार्ड हेमराज सिंह का कहना है कि आग बुझाने के लिए मै गया था आग बुझ भी गई थी चूंकि घाटी मार्ग से राहगीर निकलते है बीड़ी की कली फेंकने से आग सूखे पत्तो में लग जाती है मैं दिखवाता हू और चौकीदार को भेजकर बुझवाता हूं।

## ब्लॉक पटेरा अंतर्गत खसरा दिवस मनाया

ब्लॉक पटेरा के अंतर्गत समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पटेरा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एमके जैन एवं मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक बरोनिया के निर्देशन में 16 मार्च 2025 राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस खसरा दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें उपस्थित स्टाफ के लिए खसरा से बचाव hetu लोगों को जागृत करने के लिए शपथ ली गई जिसमें सीबीएमओ डॉक्टर अशोक बरौनिया द्वारा दिए गए जानकारी में खसरा रोग वायरस से होने वाला संक्रमण है जो तेज गति से फैलता है इसमें तेज बुखार के साथ दाने भी दिखतें हैं इसे रोकने के लिए बच्चों का सही समय पर टीकाकरण ही सबसे सही व सटीक विकल्प है इसके साथ ही बी. ई. ई. प्रमोद तंतुवाय द्वारा खसरा दिवस मनाये जाने के उद्देश्य को खसरा जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव हेतु लोगों को जागृत कर समुदाय में प्रचार प्रसार करना है जिससे



टीकाकरण का कवरेज सत प्रतिशत हो सके एवं जो बच्चे छूट जाते हैं उनको चिन्हित कर उनका टीकाकरण सुनिश्चित करना है। शासन के मंसा अनुसार शासन का मुख्य लक्ष्य वर्ष 2026तक खसरा उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसके संबंध में बीपीएम अनिल कटारिया द्वारा को सेक्टर सुपरवाइजर,CHO,एएनएम के माध्यम से और HWC/उप स्वास्थ्य केंद्र पर खसरा दिवस को मनाने हेतु एवं रैली के माध्यम से लोगों में जागृति लाने हेतु निर्देशित किया गया। बीसीएम ममता गुप्ता द्वारा आशा सुपरवाइजर वी आशा कार्यकर्ता को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक उप स्वास्थ्य केंद्र एवं ग्राम आरोग्य केंद्र पर आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से जिसमें आंगनबाड़ी का भी सहयोग लेते हुए रैली का आयोजन करें। ANMश्रीमती माया रैकवार आशा सुपरवाइजर आशा कार्यकर्ता, उप स्वस्थ केंद्र मझगुआ पतोल में समुदाय बच्चों के साथ ग्रामों में मीटिंग आयोजित कर रैली रेलिया का आयोजन किया गया।

### स्वच्छता अभियान के 38 सप्ताह हुये पूर्ण


## हमारा कर्तव्य है हम प्रकृति को संरक्षित करें-प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश



**दमोह।** सामाजिक एवं स्वैच्छिक संस्थाओं के सहयोग से चलने वाले 38 वें साप्ताहिक स्वच्छता अभियान के अंतर्गत दमोह नगर के बेलाताल में स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से श्रमदान किया गया। स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष आनंद कुमार तिवारी, जिला न्यायाधीशगण सन्तोष गुप्ता, अमर गोयल, जितेंद्र नारायण सिंह, राम मनोहर दांगी एवं जिला न्यायाधीश राम सिंह बघेल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कमलेश भारद्वाज, रजनीश चौरसिया, न्यायिक कर्मचारी संघ अध्यक्ष दीपक सोनी, अधिवक्ताओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठन/विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपनी सहभागिता निभाई। इस दौरान नगर पालिका अधिकारी ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार तिवारी ने बसंत ऋतु के मौसम में समाज को संदेश देते हुए कहा सूखे पत्तों पर जरा संभलकर पैर रखना हमारा कर्तव्य है, कभी यह अपने मौसम में हरा भरा संरक्षण देते है। उन्होंने कहा सभी को घर में साफ गिलास में जल चाहिए, साफ थाली में भोजन चाहिए, लेकिन प्रकृति हमें इतना सब कुछ देती है, हम प्रकृति को क्या लौटते हैं, यह हमारा कर्तव्य बनता है, हम प्रकृति को संरक्षित करे। संविधान के अंतर्गत हमारी फंडामेंटल ड्यूटी है, इसे पूरा करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह की ओर से सभी न्यायाधीशगण उपस्थित होकर सहभागिता निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कलेक्टर श्री कोचर की पहल स्वच्छता अभियान को 38 सप्ताह हो चुके हैं, कलेक्टर हर रविवार को छुट्टी के दिन नेतृत्व करते हैं, सुबह का समय समाज को देते हैं, यह बहुत ही सराहनीय और साधुवाद का विषय है। इस अवसर पर सभी न्यायाधीशगणों ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा न्यायाधीशगणों की पहल थी, उसी का परिणाम है कि आज सभी लोग यहां पर हैं। कुछ दिन पहले न्यायाधीशगणों ने सर्किट हाउस की पहाड़ी पर भी वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण का कार्यक्रम हाथ में लिया था, इसके पहले भी प्रधान न्यायाधीश श्री तिवारी सर द्वारा निर्णय लिया गया था कि सोमवार और शुक्रवार को या तो साइकिल से आएंगे या टू-व्हीलर से आएंगे, उसके भी अच्छे परिणाम देखने मिल रहे हैं। न्यायाधीश जितेंद्र नारायण सिंह ने कहा प्रधान न्यायाधीश सर के नेतृत्व में कलेक्टर सर और सामाजिक संगठनों द्वारा चलाये गए स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत बेलाताल में हम सभी एकत्रित हुए, यहां सभी को सफाई के काम में लगे हुए देखकर बहुत आनंदित हुए और पूरी ऊर्जा से सभी न्यायाधीशगणों ने स्वच्छ दमोह, सुंदर दमोह के लिये कार्य किया और आगे भी हम लोग दमोह की स्वच्छता के लिए श्रमदान करेंगे। न्यायाधीश श्री राम मनोहर दांगी ने कहा जिस प्रकृति से हम सब कुछ लेते हैं, आज उस प्रकृति के लिए कुछ देने का और इस बसंत में प्रकृति को साफ रखने और पतझड़ के मौसम में पत्तों से खाद बनाने के लिए सेग्रीगेशन करने का मौका मिला।

# जंगल के बीच मां दबा रही थी 3 वर्षीय बेटी का गला, रेंजर ने बचाई बच्ची की जान

## महिला ने रेंजर पर हमला कर फाड़ी वर्दी, मौके पर पहुंची पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

जिले के तारादेही मार्ग पर रविवार सुबह एक मां अपनी ही बच्ची का गला दबाकर उसकी जान लेने का प्रयास कर रही थी। बच्ची चीख रही थी। उसी दौरान वहां से तारादेही रेंजर देवेन्द्र गुर्जर निकले और उन्होंने यह घटनाक्रम देख अपना वाहन रोका और महिला से बच्ची को छीनकर उसकी जान बचाई। तभी महिला ने रेंजर पर हमला कर दिया। उनकी वर्दी फाड़ दी और बाद में मौके से भाग गई। रेंजर ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी तेंदुखेडा टीआई को दी। वह मौके पर पहुंचे और बच्ची को लेकर तेंदूखेड़ा आए। जहां उसका इलाज कराया अब बच्ची खतरे से बाहर है।

### क्या है मामला

एक महिका पिछले कुछ दिनों से चौरई गांव में अपनी बेटी के साथ घूम रही है वह उसके साथ मारपीट करती थी। यह देख चौरई निवासी एक परिवार ने बच्ची को अपने घर रख लिया, लेकिन शनिवार की रात्रि महिला बच्ची को खोजती हुई परिवार के घर पहुंच गई। विवाद करके बच्ची को अपने साथ ले गई और रविवार सुबह धनगौर की टेक पर उसका गला दवा रही थी। उसी समय रेंजर देवेंद्र गुर्जर पहुंच गये और उन्होंने बच्ची को बचा लिया। महिला कहां से आई है अभी इसकी कोई जानकारी नहीं है। फिलहाल बच्ची तेंदुखेडा थाने में है और स्वस्थ है। एक परिवार भी है जो उस बच्ची को गोद लेने की इच्छा पुलिस के समक्ष कर रहा है।

तेंदुखेडा टीआई विजय अहिवाल ने बताया तारादेही रेंजर की सूचना पर में मौके पर पहुंचा था। बच्ची सुरक्षित हैं उसका उपचार भी करा दिया हैं। बाल संरक्षण की टीम और महिला बाल विकास विभाग की टीम दमोह से आ रही है। उसके बाद वही तय करेंगे आगे क्या करना है।

तेंदुखेडा सीबीएमओ डॉक्टर आरआर बागरी ने बताया कि बच्ची को दो युवक और पुलिस कर्मी उपचार के लिए लाये थे। कुछ चोट थी उपचार किया गया है बच्ची अब सुरक्षित है।

जनप्रतिनिधि दिनेश साहू भी थाने पहुंचे। उन्होंने पूरी घटना की जानकारी लेते हुए बताया कि मुझे बाल संरक्षण आयोज जिला अध्यक्ष दीपक तिवारी द्वारा घटना की जानकारी दी गई थी। में थाने आया बच्ची पूरी तरह सुरक्षित है आगे बच्ची को लेकर जो निर्देश मिलते है आगे उसी आधार पर कार्यवाही होगी। जिस समय पुलिस बच्ची को लेकर थाने आई उसी समय जानकारी लगते ही एक महिला अपने पति के साथ थाने पहुंची और उसने अपना नाम किरन अहिवाल बताया और कहा यदि पुलिस प्रशासन बच्ची को मुझे देती है तो में उसकी पूरी देखरेख करूंगी। मेरे दो लड़के हैं बच्ची नहीं इसलिए में इसको गोद ले सकती हूं।



रेंजर देवेंद्र गुर्जर ने बच्ची की जान बचाई है। उन्होंने बताया कि वह तारादेही से दमोह मीटिंग में जा रहे थे। धनगौर की टेक पर एक महिला बच्ची का गला दबा रही थी। बच्ची के मुंह से खून निकलता देख मैने अपना वाहन रोका और महिला से बच्ची को छीन लिया। बाद में महिला ने मुझपर हमला कर दिया मेरे कपड़े फाड़ दिए, लेकिन मैंने बच्ची को नहीं दिया ओर तेंदुखेडा टीआई को जानकारी दी टीआई पहुंचे और बच्ची मैने उनके सुपर्द कर दी।